# पटना की पांच सड़कों का होगा जीर्णोद्धार

## पथ निर्माण

- पथ निर्माण विभाग ने प्रदेश की कुल की 12 योजनाओं को दी मंजूरी
- सड़कों के निर्माण पर 56 करोड़ खर्च होंगे, जल्द शुरू होगा काम

**पटना, हिन्दुस्तान ब्यूरो।** पथ निर्माण विभाग ने राज्य योजना मद से 12 सड़क योजनाओं की स्वीकृति प्रदान की है। पटना की पांच समेत राज्य के छह जिले की इन योजनाओं पर काम होगा। इसके निर्माण पर 56 करोड़ खर्च होंगे। सभी परियोजनाओं का काम अविलंब शुरू करने को कहा गया है।

**पथों के चौड़ीकरण का कार्य होगा:** पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन ने कहा कि राज्य के नागरिकों को सुगम और सुरक्षित यातायात उपलब्ध कराने की दिशा में बिहार सरकार तत्परता से कार्य कर रहा है। शहर और ग्रामीण दोनों की क्षेत्र में पथों को चिह्नित कर उनका जीर्णोद्धार किया जा रहा है। इस दौरान सिर्फ नए पथों का निर्माण ही नहीं, बल्कि पथों के चौड़ीकरण का कार्य, नाला निर्माण कार्य एवं क्षतिग्रस्त पथों की मरम्मत का कार्य भी शामिल है। इन कार्यों को लगभग 56 करोड़ की अधिक की लागत से पूरा किया जाएगा।

**वैशाली की दो सडकें शामिल हैं:** इन 12 चयनित योजनाओं में पटना की पांच, वैशाली की दो, मोतिहारी की दो, गोपालगंज की एक, सहरसा की एक और मुजफ्फरपुर की एक योजना शामिल है। इसके पहले विभाग पिछले दिनों पांच जिले की 11 योजनाओं को स्वीकृति दी थी जिस पर 70 करोड़ से अधिक खर्च होंगे।

### इन योजनाओं पर होगा काम

| जिला व योजना | राशि |
|---|---|
| पटना–हाईटेक अस्पताल बालाजी नगर पथ का मजबूतीकरण | 1.00 करोड़ |
| पटना–अनीसाबाद पुलिस कॉलोनी सेक्टर ए, बी, सी, डी व ई का जीर्णोद्वार | 7.26 करोड़ |
| पटना–पंचशिवमंदिर मंदिर से पूरब खेल परिसर तक जाने वाली सड़क | 4.10 करोड़ |
| पटना–खगौल के बुद्धा कैंसर सेंटर के सम्पर्क पथ का चौड़ीकरण | 3.85 करोड़ |
| पटना–लालबाबू मार्केट से राजीवनगर नाला तक सड़क निर्माण | 1.56 करोड़ |
| सहरसा–एनएच 107 बाबाजी कुटी से अंबेडकर पथ का चौड़ीकरण | 15.00करोड़ |
| मोतिहारी–मधुबन डाकबंगला चौक से मेला बाजार रोड का जीर्णोद्धार | 5.70 करोड़ |
| मोतिहारी–ढाका–फुलवरिया में चैनपुर–ढाका का निर्माण | 5.00 करोड़ |
| गोपालगंज–मटियारी से यादवपुर सारण बांध तक जाने वाली सड़क का निर्माण | 5.00 करोड़ |
| वैशाली–रामप्रसाद चौक से एनएचएआई तक सड़क निर्माण | 3.00 करोड़ |
| वैशाली–लालगंज रोड वार्ड 7 में सड़क निर्माण | 1.50 करोड़ |
| मुजफ्फरपुर–औराई चौक से रामजपू के घर तक सड़क व नाला निर्माण | 2.78 करोड़ |

## 'मंदिरी की सड़कों का होगा कायाकल्प'

**पटना।** पथ निर्माण मंत्री सह बांकीपुर विधायक नितिन नवीन ने शुक्रवार को राजधानी की छह पथों का शिलान्यास किया। मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री समग्र शहरी विकास योजना से शहरी इलाकों में तेज से पथों और नालों निर्माण हो रहा है। वार्ड-26 में लगभग दो करोड़ की लागत से बनने वाली पथों का शिलान्यास किया गया।

मंत्री ने बताया कि बांकीपुर विधानसभा में आने वाली इन सभी पीसीसी पथों का निर्माण बुडको की ओर से किया जाएगा। बुडको को सड़कों के साथ-साथ भूगर्भ नाले का भी निर्माण कार्य करने की जिम्मेदारी दी गयी है। वार्ड 26 के बांस घाट काली मंदिर से सिन्हा मेडिको हॉल तक सड़क का निर्माण होगा। मौके पर डिप्टी मेयर रेशमी चंद्रवंशी, अशोक, मल्लू गोप थे।